# कार्यालय निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा , राजस्थान बीकानेर

Email:- direleshaladarshan@gmail.com

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शाला दर्शन/ए/19402/5वीं परीक्षा/वोल्यूम–2/2016/L-1 दिनांकः– 18.12.17

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान
बीकानेर ।

विषयः– जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन–2018 हेतु ऑनलाईन आवेदन से वंचित रहे विद्यालयों, आवेदन में त्रुटि करने वाले विद्यालयों हेतु त्रुटि सुधार के क्रम में शाला दर्शन पोर्टल, शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राईवेट स्कूल पोर्टल पर मॉड्यूल खोलने के संबंध में ।

प्रसंगः– आपका पत्रांकः शिविरा/प्राशि/पविप/5वीं/दिशा–निर्देश/17 दिनांकः 14.12.2017 एवं एन.आई.सी. केन्द्र, जयपुर का ईमेल संदेश दिनांक 15.12.2017

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके प्रासंगिक पत्र के क्रम में विद्यार्थी हित के मद्देनजर जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन–2018 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन से वंचित रहे विद्यालयों एवं ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि करने वाले विद्यालयों के त्रुटि सुधार हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 19.12.2017 से 28.12.17 तक शाला दर्शन पोर्टल, शाला दर्पण पोर्टल एवं प्राईवेट स्कूल पोर्टल पर संबंधित मॉड्यूल खुलवाया गया है। अतः इस क्रम में प्राचार्य, डाईट्स समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि. समस्त एवं उपनिदेशक, प्रा.शि. समस्त को सूचित कर पाबन्द किया जावे कि वे संबंधित विद्यालयों को इससे सूचित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करावें तथा यह सुनिश्चित करावें कि इसके उपरांत कोई भी पात्र विद्यार्थी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन से वंचित नहीं रहे। इसके उपरांत कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा ।

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/प्रारं/शाला दर्शन/ए/19402/5वीं परीक्षा/वोल्यम–2/2016/ दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1– प्रमुख प्रणाली विश्लेषक, एन.आई.सी. केन्द्र, जयपुर ।

2–जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा समस्त/प्रधानाचार्य, डाईट समस्त को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना से संबंधित निःशुल्क विज्ञप्ति स्थानीय सामाचार पत्र के माध्यम से प्रकाशित करवाकर संबंधित विद्यालयों को सूचित करावें।

www.rajteachers.com

अतिरिक्त निदेशक(प्रशासन)
प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर